Amar Ujala

Page No. 07 (Gzb.) Date. 20th Oct 2019

अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

अपराजिता
100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार यानी आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कालेज के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी अपार्टमेंट्स में शिविर लगेगा। इसकी शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरिपी विशेषज्ञ लोगों की जांच करेंगे।

Amar Ujala

Page No. 05 (my city)

Date. 21st Oct 2019

204 लोगों ने कराई निशुल्क जांच

अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स और आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से लगा कैंप

माई सिटी रिपोर्टर

राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी अपार्टमेंट में लगे स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते लोग।

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी अपार्टमेंट में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। चिकित्सकों ने फिजियोथैरेपी और दंत रोग संबंधित परामर्श लोगों को दिया।

स्वास्थ्य शिविर में 204 लोग पहुंचे, जिसमें से 158 लोगों के दांतों की जांच और 46 मरीजों को फिजियोथैरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 40 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। बच्चों की दांतों की जांच के दौरान कई के दांतों में कैविटी पाई गई। 12 बच्चों के दांतों में फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया। चिकित्सकों ने अभिभावकों को बच्चों के दांतों की देखभाल संबंधी टिप्स भी दिए। डा. रितु गुप्ता और डा. पल्लवी के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। शिविर में डा. शिवांगी वार्ष्णेय, डा. निहारिका जैन, डा. प्राची, डा. सौंदर्या, डा. श्रेयशा, तेजेंद्र, स्वाति चौधरी, शिवानी गुप्ता के अलावा आशीष चौधरी, कुलदीप और उमेश ने सहयोग किया।

अपराजिता
100 MILLION SMILES

मैंने डॉक्टर्स से दांतों की देखभाल पर जानकारी ली। वैसे भी मैं हमेशा दो बार दांतों को साफ करती हूं। - श्रेया

शिविर में दांतों के इलाज के लिए चिकित्सकों से परामर्श लिया। ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। - अंजू


कई दिनों से समस्या थी जांच कराकर दवा ली। फिजियोथैरेपी को लेकर भी चिकित्सकों से परामर्श लिया। - रेशमा

स्वास्थ्य शिविर लगने से लाभ मिला। दांतों का चेकअप कराया और चिकित्सकों से टिप्स भी मिले। - शिवानी